Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 22-03-2005

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

>

Title: Need to review the rural development programmes undertaken during the period 1998-2004, in Mehsana Parliamentary Constituency, Gujarat.- Laid.

श्री जीवाभाई अम्बालाल पटेल (मेहसाना) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा में ग्रामीण योजनाओं से कोई लाभ नहीं मिल रहा है। 1998 से 2004 के बीच 750 करोड़ रूपये की धनराशि आबंटित हुयी है परन्तु इस धनराशि से दस प्रतिशत का कार्य भी नहीं हुआ है। इन योजनाओं में पेयजल का कार्य तो बिल्कुल नहीं हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में फलोरियाड पानी के पीने से सैंकड़ों लोग बीमार का शिकार हुए हैं तथा ग्रामीण विकास योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक तरह से नहीं हो रहा है इसलिए ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा आवश्यक है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे मेहसाणा संसदीय क्षेत्र में ग्रामीण विकास योजनाओं के कार्यो की समीक्षा की जाये और पता लगाया जाये कि 1998 से 2004 तक कितना व्यय किया गया और कितना काम हुआ है।